संख्या:16/2015/3147/12-2-2015-143/2010

प्रेषक,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त/समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 03 सितम्बर, 2015

विषय: प्रदेश में कम वर्षा के दृष्टिगत सूखे की समस्या से निपटने हेतु समुचित प्रयास किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि प्राप्त आंकडों के अनुसार प्रदेश में खरीफ अभियान, 2015 के अन्तर्गत विभिन्न फसलों के आच्छादन की प्रगति निम्नवत है:-

(हजार हेक्टेयर में)

क्र0सं0	फसल का नाम	निर्धारित लक्ष्य	आच्छादन
1	धान(विभिन्न प्रजातियॉ)	6044.022	5900.739
2	मक्का	774.963	821.227
3	ज्वार	180.714	206.616
4	बाजरा	955.000	982.282
5	अन्य मोटे अनाज	9.231	10.047

2. उपरोक्त आच्छादन की स्थिति से स्पष्ट है कि प्रदेश के कृषकों द्वारा धान की लगभग 97 प्रतिशत बुवाई की जा चुकी है तथा अन्य फसलों में 100 प्रतिशत से अधिक की सीमा तक बुवाई की गयी है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष मानसून कमजोर चल रहा है तथा दिनांक 31-8-2015 तक सामान्य वर्षा की तुलना में प्रदेश में केवल 64.5 प्रतिशत वर्षा हुई है जिसका क्षेत्रवार विवरण निम्नवत है:-

क्र0सं0	क्षेत्र	सामान्य वर्षा (मि0मी0 में)	वास्तवकि वर्षा (मि0मी0 में)	प्रतिशत
1	पश्चिमी क्षेत्र	548.3	412.2	75.2
2	मध्य क्षेत्र	629.8	341.7	54.3
3	बुन्देलखण्ड क्षेत्र	638.9	325.7	51.0
4	पूर्वी क्षेत्र	756.3	481.3	63.6
5	उत्तर प्रदेश	651.5	420.2	64.5

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3. मौसम विभाग से प्राप्त आंकडों के अनुसार प्रदेश में दिनांक 31 अगस्त, 2015 तक हुई वर्षा के अनुसार प्रदेश के निम्नलिखित 08 जनपदों में 40 प्रतिशत से भी कम वर्षा रिकार्ड की गयी है:-

1- महोबा 2- रायबरेली 3- कुशीनगर 4- कानपुर देहात 5- कौशाम्बी 6- फतेहपुर 7- अम्बेडकर नगर 8- अमेठी

प्रदेश के निम्नलिखित 23 जनपदों में वर्षा मात्र 40 से 60 प्रतिशत के बीच हुई है:-

1- झांसी 2- एटा 3- हाथरस 4- गोरखपुर 5- फर्रूखाबाद 6- इलाहाबाद 7- रामपुर 8- मऊ 9- ललितपुर 10- लखनऊ 11- देवरिया 12- सन्तकबीरनगर 13- मैनपुरी 14- उन्नाव 15- हमीरपुर 16- औरैया 17- चित्रकूट 18- पीलीभीत 19- आगरा 20- कानपुर नगर 21- गाजियाबाद 22- महाराजगंज 23- जालौन

4. प्रदेश के 23 जनपदों में 60 से 80 प्रतिशत वर्षा हुई है तथा शेष जनपदों में सामान्य वर्षा हुई है। मौसम विभाग के द्वारा दिनांक 01 सितम्बर, 2015 को जारी पूर्वानुमान के अनुसार भी प्रदेश में व्यापक वर्षा के आसार नहीं हैं। अत: यह अति आवश्यक है कि कृषकों की फसलों को बचाने के लिए समस्त जनपदों में विशेष प्रयास किए जाएं। सिंचाई व्यवस्था हेतु यह आवश्यक है कि नहरों में टेल तक पानी पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाये एवं राजकीय नलकूपों को सुचारू रूप से चलाकर फसलों की सिंचाई सुनिश्चित की जाये। इसके अतिरिक्त उपरोक्त जनपदों में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पर्याप्त व्यवस्था तथा नलकूपों आदि की मरम्मत कराकर सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये जिससे किसानों की फसल को बचाया जा सके।

अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि किसी भी प्रकार के सूखे की स्थिति से निपटने के लिए तत्काल समुचित कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव।

संख्या:16/2015/ /2015/3147/12-2-2015 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निदेशक, कृषि/उद्यान/पशुपालन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आज्ञा से,

(अमित मोहन प्रसाद)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in